# बस ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, नागपुर-अमरावती राजमार्ग पर सड़क हादसा

## एक युवक गंभीर घायल, जांच में जुटी पुलिस

**बाजारगांव (सं.).** नागपुर-अमरावती राजमार्ग पर कोंढाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत सातनवरी और धामणा के बीच सोमवार सुबह लगभग 11.15 बजे एक भयानक सड़क हादसा हो गया. तेज रफ्तार ट्रेवल्स बस ने एक ई-रिक्शा को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए. इस हादसे में ई-रिक्शा में सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि चालक बाल-बाल बच गया.

**टिफिन देने जा रहे थे युवक**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सातनवरी निवासी ई-रिक्शा चालक रोहित तिवारी (24) अपने साथी आदेश उइके (24) निवासी सातनवरी के साथ ई-रिक्शा में टिफिन के डिब्बे लादकर नागपुर की ओर जा रहा था. इसी दौरान वर्धा से कोंढाली होते हुए कलमेश्वर की ओर जा रही तेज रफ्तार ट्रेवल्स बस (क्र. एमएच 47 बाई 7929) ने सातनवरी और धामणा के बीच ई-रिक्शा को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी.

**ई-रिक्शा के उड़े परखच्चे**

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा मौके पर ही चकनाचूर हो गया और दो हिस्सों में बंट गया. टिफिन में रखा सारा खाना सड़क पर बिखर कर खराब हो गया. इस हादसे में आदेश उइके गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके कमर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं. वहीं, चालक रोहित तिवारी सौभाग्यवश बच गया. पुलिस के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त ट्रेवल्स के चालक संकेत कोवे (28) निवासी निमसडा, तहसील देवली, जिला वर्धा है.

**पुलिस ने संभाली स्थिति**

हादसे के तुरंत बाद राजमार्ग पर राहगीरों और वाहन चालकों की भारी भीड़ जमा हो गई. घटना की सूचना मिलते ही कोंढाली पुलिस स्टेशन के उपनिरीक्षक संकेत नानोटी और खुरसापार हाईवे पुलिस सहायता केंद्र के पुलिस निरीक्षक तेजेंद्र मेश्राम अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे. उन्होंने तुरंत स्थिति को नियंत्रित किया और राजमार्ग पर बाधित यातायात को सुचारू कराया. पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रेवल्स बस को कब्जे में लेकर कोंढाली थाने में खड़ा कर दिया है. मामले की आगे की जांच कोंढाली पुलिस कर रही है.

# पीएम से मुलाकात पर राजनीति क्यों

# सीएम फडणवीस बोले, अलग नजरिए से देखने की जरूरत नहीं

**नागपुर, महानगर संवाददाता.** प्रधानमंत्री किसी एक राजनीतिक दल के नहीं बल्कि पूरे देश के होते हैं, इसलिए उनसे कोई भी नेता मुलाकात करता है तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है. मुख्यमंत्री होने के नाते विपक्ष के कई नेता भी मुझसे मिलते हैं और अपने निर्वाचन क्षेत्र या पार्टी से जुड़े कामों के बारे में बताते हैं, इसलिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) गुट के नेताओं की प्रधानमंत्री के साथ हुई मुलाकात को अलग नजरिए से देखने का कोई कारण नहीं है. यह बात मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कही. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद पवार गुट के 8 सांसदों ने सोमवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात की. इसके बाद राजनीतिक हलकों में तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं. इस संबंध में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि संबंधित नेता यदि प्रधानमंत्री से मुलाकात कर रहे हैं तो यह अच्छी बात है.

देश और महाराष्ट्र में तिरंगा रैलियों का आयोजन किया जा रहा है. इन रैलियों के माध्यम से देशभर में देशभक्ति की भावना और वातावरण निर्माण करना इसका उद्देश्य है. मुख्यमंत्री ने बताया कि वे आज मुंबई, कल पुणे और 14 अगस्त को संभाजीनगर में आयोजित तिरंगा रैली में शामिल होंगे.



**-छात्राओं की मौत की जानकारी मांगी:** गड़चिरोली में छात्राओं की मौत के मामले में प्राथमिक जानकारी प्राप्त हुई है. मुख्यमंत्री फडणवीस ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार छात्राओं की मौत सर्पदंश के कारण हुई है. इस घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी मांगी गई है. उन्होंने कहा कि नए नागपुर के लिए चल रही भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में किसी भी तथ्य को छिपाना संभव नहीं है. मुख्यमंत्री फडणवीस ने स्पष्ट किया कि गूगल इमेजरी के साथ-साथ मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति की भी जांच की जाएगी. जिन लोगों के अधिकार या जमीन वास्तव में अधिग्रहण के दायरे में आती है, उन्हें प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा. हालांकि यदि कोई अनावश्यक दावा करता है तो उसके संबंध में पर्याप्त प्रमाण उपलब्ध हैं. इन्हीं प्रमाणों के आधार पर निर्णय लिया जाएगा.

**-एफसीआरए को लेकर विरोधियों पर निशाना**

विदेशी अंशदान विनियमन सुधार विधेयक यानी एफसीआरए के आने से अमेरिका में बैठे कुछ लोगों को परेशानी हो रही है. मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि यह विधेयक किसी एक समुदाय के खिलाफ नहीं है. किसी भी संस्था को विदेश से चंदा या दान प्राप्त करने के लिए एफसीआरए की अनुमति लेनी होगी. उन्होंने कहा कि अच्छा काम करने वाली संस्थाओं के लिए एफसीआरए विधेयक किसी तरह की परेशानी पैदा नहीं करेगा. जो संस्थाएं अपने वित्तीय लेन-देन का उचित हिसाब देंगी, उन्हें अनुमति मिलती रहेगी. इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति या सुझाव है तो वह संसद में अपनी भूमिका रख सकता है. केंद्र सरकार सभी के विचार जानेगी. मुख्यमंत्री फडणवीस ने स्पष्ट किया कि एफसीआरए केवल ईसाई संस्थाओं के लिए ही नहीं बल्कि सभी समाजों की संस्थाओं के लिए आवश्यक है.

# अनियंत्रित ट्रक ने राहगीर को रौंदा, दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त

## पारशिवनी में दर्दनाक सड़क हादसा

**पारशिवनी (सं.).** आमडी से पारसिवनी रोड पर सूर्या लॉज के सामने रविवार शाम लगभग 6 बजे एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए एक व्यक्ति को रौंद दिया. इस भीषण हादसे में पीड़ित की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई.

**घटनास्थल पर तोड़ा दम**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान चिंचभवन (तहसील पारसिवनी) निवासी बबन दामोधर मस्के (54) के रूप में हुई है. घटना के वक्त आरोपी ट्रक ड्राइवर (वाहन क्रमांक एमएच 40 सीएम 4657) आमडी से पारसिवनी की ओर जा रहा था. सड़क के किनारे स्थित सूर्या लॉज के सामने उसने बबन मस्के को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई. मृतक को टक्कर मारने के अलावा बेकाबू ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी एक दोपहिया गाड़ी (क्र. एमएच 31 बीएन 7311) को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. दुर्घटना के बाद आरोपी चालक पीड़ित की मदद करने के बजाय ट्रक समेत मौके से फरार हो गया.

**पुलिस ने शुरू की जांच**

घटना की शिकायत सूर्या लॉजिंग एंड बोर्डिंग में गार्ड के रूप में कार्यरत गणेश शिवचरण कोडवते (26) निवासी वाघोली, ने पारशिवनी पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई है. फरियादी के मौखिक बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस निरीक्षक किशोर शेरकी के आदेशानुसार मामला दर्ज कर लिया है. मामले की जांच पुलिस उपनिरीक्षक पांडे, सिपाही विरेंदरसिंह चौधरी व पृथ्वीराज चोहान कर रहे हैं.

## एक नजर में

### अखिलेश सोनी बने जिला उपाध्यक्ष

**बैतूल।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा में अखिलेश (अमन) सोनी को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन में उनकी सक्रियता, निष्ठा और लंबे अनुभव को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी दोबारा सौंपी गई है। नियुक्ति की घोषणा भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार और पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रशांत गावंडे ने की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार के निर्देश पर संभाग प्रभारी नितेश कौशल और जिला प्रभारी अनुज पाटकर की अनुशंसा के बाद यह नियुक्ति की गई। नियुक्ति पर जिलेवासियों और शुभचिंतकों ने सोनी को बधाई और शुभकामनाएं दीं। सोनी इससे पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में विभिन्न दायित्व निभा चुके हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में चिचोली नगर के प्रथम नगर अध्यक्ष, प्रथम तहसील संयोजक, जिला कोषाध्यक्ष और चार बार प्रांत कार्यसमिति सदस्य रहे हैं। इसके अलावा भाजपा युवा मोर्चा में मंडल अध्यक्ष और जिला मंत्री की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। वे अखिल भारतीय स्वर्णकार समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं। वर्तमान में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रहे सोनी को संगठन ने उनकी सक्रियता और निष्ठा को देखते हुए पुनः जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है।

### पेंशन विसंगति को लेकर कल सौंपेंगे ज्ञापन

**बैतूल।** अटल सेना बैतूल द्वारा मुख्यमंत्री के नाम से जिला कलेक्टर को वृद्धा, विधवा, दिव्यांगों की पेंशन में बढ़ोतरी और नियमित समय पर पेंशन देने की मांग को लेकर कल बुधवार ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस संबंध में संगठन के प्रांत अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चौहान (केन्दु बाबा) ने बताया कि वर्तमान महंगाई को देखते हुए पेंशन में कई विसंगतियां हैं जिन्हें शासन को दूर करना चाहिए। ज्ञापन से पूर्व जिले के वृद्धा, विधवा, दिव्यांग दोपहर 12 बजे स्टेडियम शिवाजी चौक (स्टेडियम) कोठी बाजार एकत्रित होकर जिला कलेक्टर में ज्ञापन सौंपेंगे। श्री चौहान सभी पेंशनधारियों से उपस्थित होने की अपील की है।

### संपर्क अभियान के तहत शिविर 11 अगस्त को

**बैतूल।** मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल शहर जोन-2 द्वारा उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए संपर्क अभियान के तहत 11 अगस्त को शिविर आयोजित किया जाएगा।

# गायत्री परिवार कार्यकर्ता दायित्व बोध प्रशिक्षण बैठक हुई

**मुलताई।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की तहसील मुलताई एवं प्रभात पट्टन के सभी 19 प्रज्ञा पीठों, 28 नवचेतना केंद्रों एवं दोनों तहसीलों के प्रज्ञा मंडल, महिला मंडलो, युवा मंडलो के कार्यकर्ता सहित मुलताई एवं प्रभात पट्टन तहसील समन्वय समिति के सभी भाई बहनों की दायित्व बोध प्रशिक्षण गोष्ठी गायत्री शक्ति पीठ मुलताई में सम्पन्न हुई। जिसमें मध्य जोन के सह समन्वयक एवं श्री वेदमाता गायत्री ट्रस्ट शाखा मुलताई के व्यवस्थापक रामचन्द्र गायकवाड़, मध्य जोन के शिक्षण प्रशिक्षण सहयोगी दिनेश देशमुख, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक गुलाब राव चिल्हाटे सहित जिला सह समन्वयक पालीवाल ने दीप प्रज्वलित कर, देव पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दिनेश देशमुख ने मंडल के कार्य एवं संगठन की अवधारणा, विषय को लेकर मंडलों को सक्रिय करने हेतु विशेष मार्गदर्शन देते हुए मंडलों के सदस्यों को सामूहिक साधना, स्वच्छता अभियान, दीपयज्ञ, दीवार लेखन आदि छोटे छोटे कार्यों को करने, साप्ताहिक बैठक करने हेतु सुझाव दिए। एवं समय समय पर मंडलों के कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण करते रहने की बात कहीं। रामचंद्र गायकवाड़ द्वारा कैसे हो हमारे प्रज्ञा संस्थान, प्रज्ञा संस्थानों की भूमिका एवं दायित्व पर प्रज्ञा पीठों के संचालक गणों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि हमारी प्रज्ञा पीठे जन जागृति के केंद्र बने मिनी शांतिकुंज बने इस दिशा में सामूहिक रूप से मिलजुल कर निरंतर कार्य करने की आवश्यकता बताई। पूज्य गुरुदेव ने साधना और तप से शक्ति संचय कर इतना बड़ा विराट गायत्री परिवार खड़ा किया है तो उनकी इच्छा अनुरूप कार्य करने हेतु संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को नियमित साधना करने की बात कही।



# बरसते पानी में निकली हर घर तिरंगा अभियान यात्रा

**सारनी। नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान की रविवार से शुरुआत की। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वंदे मातरम् गायन एवं तिरंगा यात्रा निकाली गई।**

नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हितेश शाक्य, नोडल अधिकारी कमलेश पटेल समेत अन्य लोगों को उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। बरसते पानी में नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। मुख्य कार्यक्रम स्थल बगडोना कालेज स्थल पर नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा वंदे मातरम् गायन किया गया। लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय के नारे लगाए। इसी तरह बगडोना हवाई पट्टी से निकली गई यात्रा में तिरंगा झंडा लहराकर लोगों को अभियान से जुड़ने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर आदिवासी समुदाय के प्रतिनिधि, नगर पालिका परिषद सारनी की ओर से दिलीप भालेराव, राजेश वागद्रे, अक्षय जोशी, गुणवंत हुरमाड़े समेत अन्य लोग उपस्थित थे।



# प्रतिमा स्थल पर तोड़फोड़ करने वाले पर हो कार्रवाई, ज्ञापन सौपा

**मुलताई।** नगर में मंगलवार बाजार क्षेत्र में स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थल पर लगी रेलिंग बीते शनिवार की रात असामाजिक तत्वों द्वारा तोडफोड करने पर कुनबी समाज एवं मराठा समाज में रोष व्याप्त है। जिसके चलते सोमवार को लोनारी कुनबी समाज संगठन एवं मराठा समाज संघ द्वारा एसडीएम राजीव कहार, एसडीओपी एसके सिंह एवं व्यवस्था बनाने को लेकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी को ज्ञापन सौपा है। कुनबी समाज एवं मराठा समाज द्वारा सौपे गए ज्ञापन में बताया शनिवार रात मंगलवार बाजार में स्थित छत्रपति महाराज की प्रतिमा के समीप लगी स्टील रेलिंग को कुछ असामाजिक तत्व द्वारा शराब के नशे में तोड फोड एवं हुडदंग करते हुए क्षतिग्रस्त कर दिया दिया है। उक्त कृत्य की सामाजिक बंधु निंदा करते है। ऐतिहासिक स्थलों पर इस प्रकार तोड़फोड़ एवं सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाना गंभीर एवं चिंता का विषय है वहीं शहरी कानून व्यवस्था पर भी प्रश्न खडे होते है। ज्ञापन में तोड़फोड़ करने वाले असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की मांग की है, वहीं मुख्य नगरपालिका अधिकारी से प्रतिमा स्थल पर सुरक्षा की दृष्टि से लाइट व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की है।

# लूट के प्रयास का फरार आरोपी भोपाल से गिरफ्तार

**बैतूल। व्यापारी की आंखों में मिर्च डालकर लूट के प्रयास के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने भोपाल से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से घटना के समय पहने कपड़े और मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं।**

आरोपी की पहचान इरशाद पिता मुन्ने खां (24), निवासी आरिफ नगर, थाना गौतम नगर, भोपाल के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, 1 जुलाई को फरियादी निर्मल पिता ललित पोपली, निवासी गंज ने गंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि अज्ञात आरोपियों ने लूट के इरादे से उनकी आंखों में मिर्च डालकर वारदात करने का प्रयास किया। रिपोर्ट के बाद पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की। इसके साथ ही तकनीकी साक्ष्यों और मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। पुलिस के अनुसार, 9 अगस्त को सूचना मिली कि मामले का फरार आरोपी इरशाद भोपाल के आरिफ नगर में मौजूद है। इसके बाद पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उसे भोपाल से हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद इरशाद को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।



# प्राप्त 301 शिकायतों में से 286 शिकायतो का निराकरण

**मुलताई।** बिजली कंपनी के मुलताई संभाग द्वारा सभी वितरण केन्द्रो में संपर्क अभियान में 10 शिविरो का आयोजन किया गया। शिविर में प्राप्त शिकायतो के संबंध में मुलताई संभाग के उपमहाप्रबंधक हितेश वशिष्ठ ने बताया वितरण केन्द्र मासोद, घाटबिरोली, जौलखेडा एवं दुनावा वितरण केन्द्रो में शिविर का आयोजन किया गया शिविर में कुल 235 शिकायते प्राप्त हुई थी, उनमे से 235 शिकायतो का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। शेष शिकायते निर्धारित अवधि के अन्दर पूर्ण कर दी जायेंगी। श्री वशिष्ठ ने बताया मीटर बदलने की कुल 165 शिकायते प्राप्त हुई थी, उनमे से 150 के मीटर बदल दिये गये शेष 15 मीटर निर्धारित समय-सीमा में बदल दिये जायेंगे। बिल नही मिलने की 115 शिकायते प्राप्त हुई उन्हे तुरंत डूप्लीकेट बिल प्रदान किये गये। 15 नं. शिकायते विद्युत लाईन से संबंधित थी जिन्हे तुरंत सुधार किया गया। एवं 6 नम्बर नवीन कनेक्शन मौके प्रदाय किये गये। इस मौके पर 80 लोगो द्वारा बिल भी जमा किया गया। माह अग्रस्त 2026 में आगामी 12 एवं 14 अग्रस्त 2026 को पुनः सभी वितरण केन्द्रो के ग्रांमो में शिविर का आयोजन किया जाना है। श्री वशिष्ठ ने सभी उपभोक्ताओं से इन शिविरो का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

# कावड़ यात्रा में उमड़ा शिवभक्तों का जनसैलाब

**पाथाखेड़ा।** कांवड़ यात्रा में सैकड़ो भक्तों की पद यात्रा से उमड़ा आस्था का जन सैलाब देखने को मिला। सावन के दूसरे सोमवार के पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ के भक्तों ने कांवड़ यात्रा निकालकर श्रद्धा, भक्ति और सेवा का अद्भुत परिचय दिया। हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से नगर का वातावरण शिवमय हो गया। कांवड़ियों ने पूरे उत्साह और धार्मिक आस्था के साथ यात्रा में सहभागिता की। कांवड़ यात्रा शोभापुर कॉलोनी से प्रारंभ होकर पाथाखेड़ा बस स्टैंड, मस्जिद चौक, एबी टाइप होते हुए सारनी चौक से बाबा माठार देव महाराज के दरबार तक पहुंची। यात्रा के दौरान मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं नागरिकों ने कांवड़ियों का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने सेवा भाव से कांवड़ियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं भी कीं। यात्रा में शामिल शिवभक्तों के उत्साह और आस्था ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। बाबा माठार देव महाराज के दर्शन के साथ कांवड़ियों ने सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।



# एक तीर, एक कमान, आदिवासी एक समान के जयघोष से गूंजा चिचोली

**चिचोली।** समस्त आदिवासी अधिकारी-कर्मचारी संघ, जयस संगठन एवं सर्व आदिवासी समाज के तत्वावधान में विश्व आदिवासी दिवस समारोह हर्षोल्लास, उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आदिवासी समाज ने अपनी गौरवशाली संस्कृति, परंपरा और एकता का भव्य प्रदर्शन किया। पारंपरिक वेशभूषा, नृत्य-संगीत और जयघोष के साथ निकली विशाल रैली से पूरा नगर आदिवासी संस्कृति के रंग में रंगा नजर आया। आदिवासी मंगल भवन से भगवान बिरसा मुंडा एवं वीरांगना रानी दुर्गावती की आकर्षक झांकी के साथ विशाल रैली निकाली गई। हजारों की संख्या में समाजजन पारंपरिक वेशभूषा में रैली में शामिल हुए। रैली 'एक तीर, एक कमान, आदिवासी एक समान के जयघोष लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। रैली आदीवासी मंगल भवन से प्रारंभ होकर बाजार चौक, सराफा बाजार, वीर दुर्गादास चौक बस स्टैंड और जयस्तंभ चौक होते हुए मुख्य समारोह स्थल तपश्री खेल मैदान पहुंची। इस नगर के वीर दुर्गादास चौक पर राठौर समाज, बस स्टैंड पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगर कांग्रेस कमेटी, जय स्तंभ चौक पर आदिम जाति सहकारी समिति, यादव समाज एवं नगर परिषद अध्यक्ष भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प वर्षा कर रैली का जोरदार स्वागत किया। मुख्य कार्यक्रम स्थल पर आदिवासी समाज के आराध्य देव की पूजा-अर्चना कर समाज के महानायक के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। मंच पर उपस्थित अतिथियों का तिलक लगाकर एवं पीला गमछा भेंट कर आदिवासी परंपरा के अनुसार सम्मान किया गया। इससे पूर्व आदिवासी समाज के नेत्री पूर्व जज सावित्री कुमरे के निधन पर 2 मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।



**ज्ञापन** | ग्रेड-पे 2400 से 2800 और केंद्र भत्ता 500 से 5000 रुपए करने की मांग

# मांगें नहीं मानीं तो अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल करेंगे कृषि विस्तार अधिकारी

**बैतूल। ई-अटेंडेंस के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन के बाद अब कृषि विस्तार अधिकारियों ने सरकार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। मध्यप्रदेश कृषि विस्तार अधिकारी संघ जिला इकाई बैतूल ने कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर 11 अगस्त 2026 तक मांगों पर ठोस और सकारात्मक निर्णय लेने की मोहलत दी है।**

संघ ने दोटूक चेतावनी दी है कि तय समय तक मांगें पूरी नहीं हुईं तो प्रदेशभर के कृषि विस्तार अधिकारी अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल पर चले जाएंगे। अधिकारियों ने कहा है कि हड़ताल से किसान कल्याण वर्ष 2026 के लक्ष्यों के क्रियान्वयन में आने वाली किसी भी बाधा की जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। अध्यक्ष भूपेंद्र सूर्यवंशी के नेतृत्व में सौंपे ज्ञापन में संघ ने सबसे प्रमुख मांग ई-एचआरएमएस प्रणाली में अनिवार्य ई-अटेंडेंस समाप्त करने की रखी है। अधिकारियों का कहना है कि कृषि विस्तार अधिकारियों का काम पूरी तरह मैदानी और भ्रमण आधारित है। उन्हें अधिकांश समय गांवों और किसानों के खेतों में रहकर योजनाओं का क्रियान्वयन करना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय कार्यालय, आवास और अन्य बुनियादी सुविधाओं का अभाव होने के कारण मुख्यालय से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराना व्यावहारिक नहीं है। संघ ने विशेष रूप से महिला अधिकारियों की सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया है। बता दे कि अपनी मांगों को लेकर कृषि विस्तार अधिकारी 3 अगस्त से चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं। ई-अटेंडेंस के विरोध में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन, ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार और विभागीय व्हाट्सएप ग्रुपों से दूरी बनाने के बाद अब आंदोलन निर्णायक चरण में पहुंच गया है। संघ का कहना है कि विरोध के बावजूद अब तक मांगों के समाधान के लिए ठोस पहल नहीं हुई है। अध्यक्ष सूर्यवंशी ने कहा कि अधिकारी किसानों और शासन की कृषि योजनाओं के बीच कड़ी के रूप में काम कर रहे हैं लेकिन उनकी समस्याओं की अनदेखी की जा रही है।



**ग्रेड-पे 2800 और केन्द्र भत्ता 5000 करने की मांग**

अधिकारियों ने वेतन विसंगति और भत्तों में सुधार की मांग भी की है। संघ ने कृषि विस्तार अधिकारियों के तकनीकी दायित्व और कठिन मैदानी कार्य को देखते हुए ग्रेड-पे 2400 रुपए से बढ़ाकर 2800 रुपए करने की मांग की है। वहीं अतिरिक्त केंद्रों का प्रभार संभालने वाले अधिकारियों को वर्तमान में मिलने वाले 500 रुपए प्रतिमाह के अतिरिक्त केंद्र भत्ते को बढ़ाकर 5000 रुपए प्रतिमाह करने की मांग की गई है। संघ का कहना है कि वर्तमान भत्ते अतिरिक्त कार्यभार और बढ़ती महंगाई के अनुपात में बेहद कम हैं।

### 24 घंटे में औसतन 24.3 मिमी वर्षा दर्ज

**बैतूल।** जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान औसतन 24.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक, भू-अभिलेख ने बताया कि 9 अगस्त प्रातः 8 बजे से 10 अगस्त प्रातः 8 बजे तक जिले के विभिन्न वर्षामापी केंद्रों पर वर्षा रिकॉर्ड की गई। उन्होंने बताया कि बैतूल में 21.6 मिमी, घोड़ाडोंगरी में 55.0 मिमी, चिचोली में 51.0 मिमी, शाहपुर में 57.0 मिमी, मुलताई में 15.2 मिमी, प्रभात पट्टन में 7.0 मिमी, आमला में 20.0 मिमी, भैंसदेही में 0.0 मिमी, आठनेर में 0.0 मिमी तथा भीमपुर में 17.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में वर्षा ऋतु 2026-27 में अब तक औसतन 512.9 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है। वहीं गत वर्ष 2025-26 में अब तक 536.7 मिमी वर्षा दर्ज हुई थी। उल्लेखनीय है कि जिले की सामान्य औसत वर्षा 1083.9 मिमी है तथा गत वर्ष की सामान्य औसत वर्षा 1097.4 मिमी रही थी।

# नशामुक्ति की दिलाई शपथ

**भौंरा।** ब्रह्माकुमारीज़ की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की पावन स्मृति में संचालित 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान के अंतर्गत शुक्रवार को शाहपुर क्षेत्र के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में हायर सेकेंडरी स्कूल भोरा हाई स्कूल कछार माध्यमिक शाला कछार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं को नशे की बढ़ती प्रवृत्ति से दूर रखते हुए उन्हें स्वस्थ, चरित्रवान एवं मूल्यनिष्ठ जीवन के प्रति प्रेरित करना रहा। इस दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, शिक्षा, भविष्य और समाज को भी प्रभावित करता है। इसलिए नशे से दूर रहना ही उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी गारंटी है। शासकीय हाई सेकेण्डरी स्कुल भौरा हाई स्कूल कछार माध्यमिक शाला कछार आयोजित कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज़ की बीके अरणा दीदी ने विद्यार्थियों को राजयोग ध्यान, आत्मसशक्तिकरण और जीवन मूल्यों का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच, आत्मसंयम और आध्यात्मिक जागरूकता के माध्यम से व्यक्ति किसी भी प्रकार के नशे की लत से स्वयं को बचा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि नशा क्षणिक सुख का भ्रम पैदा करता है, जबकि उसका परिणाम शारीरिक बीमारियों, मानसिक तनाव, अपराध की प्रवृत्ति तथा सामाजिक सम्मान में कमी के रूप में सामने आता है।